भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
अंतरिक्ष विभाग / DEPARTMENT OF SPACE
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन / INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
समानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र / HUMAN SPACE FLIGHT CENTRE
बेंगलूरु / BENGALURU – 560 094

सत्यमेव जयते

विज्ञापन सं. एच.एस.एफ.सी./02/आर.एम.टी./2021
Advt No. HSFC/02/RMT/2021 दिनांक/Dt.30.10. 2021

# कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी की भर्ती
# RECRUITMENT OF JUNIOR TRANSLATION OFFICER

**अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि इसरो में नौकरी पाने के लिए फर्जी नियुक्ति प्रस्ताव का संज्ञान न लें**

**CANDIDATES ARE ADVISED NOT TO TAKE COGNIZANCE OF FAKE OFFER OF APPOINTMENT FOR JOB IN ISRO**

समानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एच.एस.एफ.सी.) भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग(अं.वि.) के नए केंद्र के रूप में गठित किया गया है। एच.एस.एफ.सी., जो कि अस्थाई रूप में, फिलहाल, इसरो मुख्यालय के परिसर, बेंगलुरु में स्थित है और जिसे, बाद में, भारत में कहीं भी किसी स्थाई परिसर में पुन:स्थापित किया जाएगा, निम्नलिखित अस्थाई पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है, जिनके अनिश्चित समय तक आगे भी जारी रहने की संभावना है।

Human Space Flight Centre (HSFC) has been formed as a new Centre under Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space(DOS). HSFC, located temporarily in the ISRO Headquarters campus, Bengaluru and will be relocated to a permanent campus anywhere in India, invites on-line applications for the following temporary posts, which are likely to be continued indefinitely.

**नोट**: आवेदन जमा करते समय, अभ्यर्थी का हाल का रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो (जे.पी.जी./ जे.पी.ई.जी. फाइल में अधिकतम 50 के.बी. में) होना अनिवार्य है। **यदि हाल के रंगीन फोटो के अलावा कोई अन्य फोटो अपलोड किया जाएगा तो ऐसे आवेदन अस्वीकार कर दिए जाएंगे**। फोटोग्राफ संलग्न करते समय निम्न बातों का सख्ती से पालन करें :

**NOTE:** Recent Colour Passport Size Photograph of the candidate (JPG/JPEG file of max. 50 KB) is mandatorily required to submit the application form. **If any image other than the recent colour photograph is uploaded, such applications shall be summarily rejected**. While attaching photographs, the following may strictly followed:

(i) पृष्ठभूमि सादा/सफेद होनी चाहिए / Background should be plain/ white

(ii) मुख के सामने का भाग पूरी तरह दृष्टिगत होना चाहिए / Frontal view of the full face should be visible

(iii) श्वेत-श्याम फोटोग्राफ मान्य नहीं हैं / Black and white photographs not allowed

(iv) सेल्फी मान्य नहीं हैं / No Selfies allowed

**1. ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए, कृपया पद संख्या पर क्लिक करें /**
**To get the online application form, please CLICK ON THE POST NUMBER:**

| पद कोड Post Code. | विषय/क्षेत्र Discipline/ Field | रिक्ति(रिक्तियों) की संख्या No. Of Vacancy (ies) | आरक्षण ब्यौरा Reservation Details | आवश्यक न्यूनतम अर्हता Essential Minimum Qualification | चयन पद्धति Mode of Selection |
|---|---|---|---|---|---|
| JTO01 | कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी Junior Translation Officer | 06 | 05-अनारक्षित एवं 01-अनु.ज.जा./ 05-UR & 01-ST<br><br>06 रिक्तियों में सें, 01 अनारक्षित रिक्ति एच.एस.एफ.सी. के लिए चिन्हित की गई है/ Out of 06 Vacancies, 01 UR vacancy is identified for HSFC.<br><br>03-अनारक्षित एवं 01-अनु.ज.जा. रिक्तियां इसरो मु. और मुख्य नियंत्रण सुविधा, भोपाल के लिए चिन्हित की गई हैं/ 03 –UR & 01-ST vacancies are identified for ISRO HQ, Bengaluru & Master Control Facility, Bhopal.<br><br>01 अनारक्षित रिक्ति अं.वि. शाखा सचिवालय, नई दिल्ली के लिए चिन्हित की गई है/ 01 UR vacancy is identified for DOS Branch Secretariat, New Delhi. | (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी के साथ हिंदी में स्नातकोत्तर की उपाधि / Master's degree from a recognized University in Hindi with English as a compulsory or elective subject or as the medium of examination at the Degree level;<br>**या / OR**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर की उपाधि / Master's degree from a recognized University in English with Hindi as a compulsory or elective subject or as the medium of examination at the Degree level;<br>**या / OR**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी और अंग्रेजी से भिन्न किसी अन्य विषय में हिंदी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि और स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में अंग्रेजी पढ़ी हो / Master's degree from a recognized University in any subject other than Hindi or English, with Hindi medium and English as a compulsory or elective subject or as the medium of examination at the Degree level;<br>**या / OR**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी और अंग्रेजी से भिन्न किसी अन्य विषय में अंग्रेजी माध्यम से स्नातकोत्तर की उपाधि और स्नातक स्तर पर अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में अथवा परीक्षा के माध्यम के रूप में हिंदी पढ़ी हो / Master's degree from a recognized University in any subject other than Hindi or English, with English medium and Hindi as a | लिखित परीक्षा एवं कौशल परीक्षा Written Test & Skill Test |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | compulsory or elective subject or as the medium of examination at the Degree level;<br>**या / OR**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी और अंग्रेजी से भिन्न किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर की उपाधि और अंग्रेजी एवं हिंदी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में **अथवा** दोनों में से कोई एक परीक्षा के माध्यम के रूप में और दूसरी अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में स्नातक स्तर पर पढ़ी हो / Master's degree from a recognized University in any subject other than Hindi or English, with Hindi and English as compulsory or elective subjects or either of the two as a medium of examination and the other as a compulsory or elective subject at Degree level;<br>**और / AND**<br>(ii) हिंदी से अंग्रेजी में तथा विपरीतत:, मान्यता प्राप्त अनुवाद डिप्लोमा/प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम **अथवा** केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार के कार्यालय, जिनमें भारत सरकार के उपक्रम भी शामिल हैं, में दो वर्ष का हिंदी से अंग्रेजी में तथा विपरीतत:, अनुवाद कार्य में अनुभव / Recognized Diploma or Certificate Course in Translation from Hindi to English and vice-versa or two years' experience of translation work from Hindi to English and vice-versa in Central or State Government office, including Government of India undertakings. | |

**2. आयु सीमा / AGE LIMIT:**

| पद का नाम / Name of the post | 20.11.2021 को आयु सीमा<br>Age limit as on 20.11.2021 |
|---|---|
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी<br>Junior Translation Officer | 18-35 |

जहां रिक्तियां आरक्षित नहीं हैं, अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व. अभ्यर्थी अनारक्षित अभ्यर्थी के रूप में आवेदन कर सकते हैं, अर्थात्, अनारक्षित रिक्तियों के लिए कोई छूट नहीं दी जाएगी। विभागीय अभ्यर्थी, भूतपूर्व सैनिक, शारीरिक रूप से विकलाँग व्यक्ति, योग्य खिलाड़ी, विधवा, तलाक शुदा या कानूनी रूप से पति से अलग हुई महिला, जिसने पुनर्विवाह नहीं किया हो, भारत सरकार के नियमों के अनुसार आयु में छूट के हकदार हैं।

**Wherever vacancies are not reserved, SC/ST/OBC candidates may apply on par with UR candidates, in other words, no relaxations are available against UR vacancies. Departmental candidates, Ex-servicemen (ESM), Persons With Benchmark Disabilities (PwBD), Meritorious Sports persons, Widows, Divorced Women and Women judicially separated from their husbands and who are not remarried are eligible for age relaxation as per Government of India Orders.**

**3. वेतन एवं भत्ते / PAY AND ALLOWANCES:**

| पद का नाम<br>Name of the post | वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर<br>Pay Level in Pay Matrix |
|---|---|
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी<br>Junior Translation Officer | स्तर / Level – 06<br>(₹.35400 – ₹.112400) |

नियुक्त कर्मचारियों को नई पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। वेतन के अलावा , इसरो निःशुल्क परिवहन (परिवहन भत्ता के एवज में), सीमित आवासीय सुविधा (मकान किराया भत्ता के एवज में), वाहन खरीदने एवं मकान बनाने हेतु अग्रिम, इत्यादि, कुछ शर्तों एवं निबंधनों के आधार पर छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, और रियायती दर पर कैंटीन इत्यादि सुविधाएँ प्रदान करता है। साथ ही, इसरो अपने कार्मिकों एवं पात्र आश्रितों को आकर्षक चिकित्सा सुविधा भी प्रदान करता है ।

The employees appointed will be governed by the National Pension System. In addition to Pay, ISRO provides free transport (in lieu of Transport Allowance), limited housing facility (in lieu of House Rent Allowance), advances for purchase of conveyance, construction of house, etc., Leave Travel Concession, Group Insurance, subsidized canteen facilities etc. subject to certain terms and conditions. ISRO also provides attractive medical benefits to its employees and eligible dependents.

**4. आवेदन की विधि / HOW TO APPLY:**

(i) ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवेदन इसरो की वेबसाइट पर 30.10.2021 से 20.11.2021 के बीच उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपने आवेदन ऑनलाइन पंजीकृत करने के लिए 30.10.2021 से 20.11.2021 के बीच हमारी वेबसाइट www.isro.gov.in देख सकते हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन ही प्राप्त किए जाएंगे। पंजीकरण के पश्चात आवेदकों को **ऑनलाइन पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी, जिसे भविष्य में संदर्भ के लिए संभाल कर रखा जाना चाहिए।**

The application for on-line registration will be hosted in the ISRO web-site www.isro.gov.in during the period from 30.10.2021 to 20.11.2021. Candidates may visit our website to register their applications on-line between 30.10.2021 and 20.11.2021. Applications will be received through on-line only. Upon registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference.

(ii) आवेदक का ई-मेल आई.डी. आवेदन-पत्र में सही और अनिवार्य रूप से दिया जाना चाहिए। (लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा हेतु बुलावा पत्र चयन किए गए अभ्यर्थियों को ई-मेल द्वारा ही भेजे जाएंगे और हार्डकॉपी नहीं भेजी जाएगी)।

**E-mail ID of the applicant will have to be provided in the on-line application correctly and compulsorily (Hall tickets/ Call letters for written test/skill test for those who will be screened-in will be sent through email only and no hard copy will be sent)**

(iii) **ऐसे अभ्यर्थी जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र की ईकाईयों या स्वायत्त निकायों में कार्यरत हैं, उन्हें अपने वर्तमान नियोक्ता को सूचित करते हुए ही आवेदन करना होगा और यदि उनको कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जाता है, तो उन्हें संबंधित वर्तमान नियोक्ता से प्राप्त 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र', व. प्रशासन अधिकारी (भर्ती), समानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एच.एस.एफ.सी.), बेंगलूरु को देना होगा।**
**The candidates who are already employed under Central/State Govt/ PSU/Autonomous Bodies etc. have to apply under intimation to their present employer and have to produce a 'No Objection Certificate' from the**

**present employer concerned, to the Sr. Administrative Officer (RMT), Human Space Flight Centre (HSFC),Bengaluru, at the time of skill test, if they are shortlisted for the same.**

**5. आवेदन शुल्क एवं भुगतान / APPLICATION FEE & PAYMENT:**

**आवेदन शुल्क / APPLICATION FEE:**

प्रत्येक आवेदन के लिए अनारक्षित एवं अ.पि.व. के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क रु. 250/- (रुपये दो सौ पचास मात्र) (अप्रतिदेय) होगा। अभ्यर्थी इन्टरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड द्वारा ऑनलाइन या नजदीकी भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में जाकर 'ऑफलाइन' भुगतान कर सकते हैं। आवेदन ऑनलाइन जमा करने के पश्चात अभ्यर्थी तत्काल या शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि अर्थात 20.11.2021 से पूर्व किसी भी दिन आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.11.2021 है।
There will be an Application Fee of ₹.250/- (Rupees Two Hundred and Fifty only) (Non-refundable) for male UR and OBC candidates for each application. Candidates may make the payment 'online' using Internet Banking / Debit Card/ Credit Card or 'Offline' by visiting nearest SBI Branch. Candidates after submitting their application can pay application fee immediately or any day before the last date for fee payment i.e. 20.11.2021. The last date for submitting online application is 20.11.2021

**आवेदन शुल्क के भुगतान की प्रक्रिया / PROCESS FOR PAYMENT OF APPLICATION FEE:**

यदि कोई अभ्यर्थी आवेदन जमा करने के तुरंत बाद आवेदन शुल्क जमा करना चाहता है तो उसे पंजीकरण संख्या दर्शाता एक वेब पृष्ठ दिखाई देगा। उसी पृष्ठ पर "भुगतान करें" बटन मौजूद होगा, जिसे अभ्यर्थी क्लिक कर सकता है और भुगतान प्रक्रिया का निम्नानुसार अनुसरण कर सकता है:
If candidates desire to pay application fee immediately on submitting application,he/she will be shown a web page displaying registration number. On same web page, there exists "Make Payment" button which candidate may click and follow the payment process as outlined below:

i. अभ्यर्थी को 'भुगतान करें' बटन क्लिक करने पर स्टेट बैंक बहु विकल्प भुगतान प्रणाली (एम.पी.ओ.एस.) पृष्ठ पर पुनःनिर्देशित किया जाएगा। अभ्यर्थी भुगतान करने हेतु निम्नलिखित दर्शाए भुगतान पद्धतियों में से किसी एक का चयन कर सकता है।
The candidates on clicking the Make Payment button will be redirected to State Bank Multi Option Payments Systems (MOPS) page. Candidates may choose one of the payment modes shown below for making payment.

a) नेट बैंकिंग : भारतीय स्टेट बैंक / Net Banking: State Bank of India
b) नेट बैंकिंग : अन्य बैंक / Net Banking: Other Banks
c) डेबिट कार्ड : भारतीय स्टेट बैंक / Debit Card: State Bank of India
d) डेबिट कार्ड : अन्य बैंक / Debit Card: Other Banks
e) क्रेडिट कार्ड : भारतीय स्टेट बैंक / Credit Card: State Bank of India
f) क्रेडिट कार्ड : अन्य बैंक / Credit Card: Other Banks
g) पूर्व-मुद्रित एस.बी.आई. चलान (अभ्यर्थी चलान को डाउनलोड कर मुद्रित करने के बाद, चलान जारी होने के तीन दिन के अंदर या भुगतान करने हेतु अंतिम दिन, जो भी पहले हो, से पूर्व एस.बी.आई. की किसी भी शाखा में आवेदन शुल्क का नकद भुगतान कर सकता है।) यह चलान जारी होने के दिनांक से मात्र अगले तीन दिनों के लिए वैध होगा। यदि भुगतान तीन दिनों के अंदर नहीं किया गया तो ऐसे चलान को असफल माना जाएगा। तथापि, यदि आवश्यक हो, तो अभ्यर्थी नया चलान दोबारा तैयार कर सकता है अथवा वैकल्पिक रूप से ऑनलाइन भुगतान कर सकता है।
Pre-printed SBI Challan (Candidates should download, print and pay the application fees in cash at any SBI Branch within 3 days of generation of challan or last day for payment, whichever is earlier). The challan will be valid for the next three days only, from the date of generation. If payment is not made within 3 days, the challans, which are older than the specified time will be deemed unsuccessful. However, the candidate may regenerate fresh challan, if required or alternatively, make payment online.

ii. यद्यपि एच.एस.एफ.सी. द्वारा लिया जाने वाला आवेदन शुल्क सभी भुगतान पद्धतियों में समान है, परंतु बैंक के प्रभार तथा कर

अलग-अलग हो सकते हैं। अतः, यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी दिए गए अनुदेशों का सावधानीपूर्वक अनुपालन करें। नेट बैंकिंग तथा डेबिट कार्ड द्वारा भुगतान के मामले में, अभ्यर्थी द्वारा सफलतापूर्वक भुगतान करने पर उसे इसरो वेब पोर्टल पर पुनःनिर्देशित किया जाएगा तथा लेन-देन के ब्यौरे दर्शाने वाला पृष्ठ प्रदर्शित होगा।
Though application fee charged by HSFC is same across the payment modes, the bank charges and taxes may vary. Therefore, candidates are required to carefully follow the instructions shown. In case of Net banking and debit cards payments, the candidates on successful payment will be redirected to ISRO web portal and shown a page displaying transaction details.

iii. पूरी भुगतान प्रक्रिया के दौरान, कृपया REFRESH या BACK बटन क्लिक न करें, अन्यथा पूरी प्रकिया रद्द हो जाएगी।
During the entire payment processing, do not click REFRESH or BACK button, else session will be aborted.

iv. कृपया भुगतान की सभी पद्धतियों (सभी एस.बी.आई. काउंटर, नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड) के संबंध में बैंकों/भुगतान गेटवे के अनुदेशों का पालन करें।
Please follow the instructions of the banks / payment gateways with respect to the mode of payment (net banking, debit cards, credit cards across SBI counters)

v. अभ्यर्थी भुगतान की स्थिति की जांच तथा भुगतान रसीद का प्रिंट विज्ञापन पृष्ठ में उपलब्ध "भुगतान स्थिति" लिंक पर कर सकते हैं। किसी अन्य पद्धति में भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऑनलाइन भुगतान की किसी तकनीकी समस्या के लिए अभ्यर्थी rmt-hsfc@isro.gov.in को ईमेल भेज सकते हैं।
Candidates can check Payment status and Print Receipt by visiting "Payment Status" link available in advertisement page. No other mode of payment will be accepted. For any technical issues with online payment, candidates may send an email to rmt-hsfc@isro.gov.in

vi. पूरी भुगतान प्रक्रिया में समय लग सकता है। अतः, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि **दोबारा भुगतान करने से पूर्व** धैर्य रखें और सावधान रहें।
The completion of payment process may take time. Hence the candidates are advised to be patient and cautious **before making repeated payment**.

vii. महिला अभ्यर्थी, अनुसूचित जाति (अनु.जा.); अनुसूचित जनजाति (अनु.ज.जा.), भूतपूर्व सैनिक (भू.सै.) तथा मानक दिव्यांग अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त है। फिर भी, आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण के बाद, इसरो वेबसाइट से अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत पंजीकरण फार्म डाउनलोड करके प्रिंट करना होगा, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पंजीकरण संख्या, विज्ञापन संख्या तथा पद कोड अंकित होगा, जिसे भविष्य में संदर्भ हेतु रखना होगा।
Women candidates / Scheduled Castes (SC) / Scheduled Tribes (ST); Ex-serviceman [EX-SM] and Persons With Benchmark Disabilities (PWBD) candidates are exempted from payment of Application Fee. However, after registration of application on-line, the candidates have to down-load and print the personalized registration confirmation form from the ISRO website which will contain the Name of the candidate, Registration Number, Advertisement No., and Post code for future reference.

viii. अ.पि.व. सहित अन्य अभ्यर्थियों द्वारा दो/अनेक आवेदन जमा करने की स्थिति में, ऐसे आवेदन, जिनके लिए आवेदन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि के अंदर प्राप्त होता है, उन्हीं पर विचार किया जाएगा।
In case of submission of duplicate/multiple applications by other candidates including OBC, the application against which the 'application fee' has been received within the last date for payment of application fee only will be considered.

ix. ऑन-लाइन आवेदन भेजने के बाद शैक्षिक अर्हता, जाति प्रमाण-पत्र, सेवानिवृत्त प्रमाण-पत्र, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, भुगतान रसीद आदि की पुष्टि के संबंध में कोई दस्तावेज भेजने की आवश्यकता नहीं है, परंतु एच.एस.एफ.सी. द्वारा जब कभी भी माँगे जाएँ, तब संबंधित सभी दस्तावेज़ प्रस्तुत किए जाने चाहिए। तथापि, केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम/ स्वायत्त निकायों में पहले से कार्यरत अभ्यर्थियों द्वारा अपने नियोक्ता से उपरोक्त पैरा 4 में यथा उल्लिखित "अनापत्ति प्रमाण-पत्र" प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
NO DOCUMENTS SUPPORTING TO THEIR EDUCATIONAL QUALIFICATION, CASTE CERTIFICATE, DISCHARGE CERTIFICATE, PWD CERTIFICATE, CHALLAN ETC. TO BE SENT TO HSFC AFTER COMPLETION OF SUBMITTING THE ONLINE APPLICATION BUT ALL THE RELEVANT DOCUMENTS

TO BE PRODUCED AS AND WHEN CALLED FOR BY HSFC. HOWEVER, THOSE WHO ARE ALREADY EMPLOYED UNDER CENTRAL/STATE/PSU/AUTONOMOUS BODIES SHOULD PRODUCE "NO OBJECTION CERTIFICATE" FROM THE EMPLOYER CONCERNED AS MENTIONED IN PARA 4 ABOVE.

- कृपया नोट करें कि पुरुष अभ्यर्थी (अनारक्षित, अ.पि.व.) जिनके आवेदन के साथ आवेदन शुल्क प्राप्त नहीं हुआ है, उनकी अभ्यर्थिता पर आगे की प्रक्रिया हेतु किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

  Please note that the applications of male candidates (UR, OBC) in respect of whom Application Fee has not been received, will not be considered for further processing under any circumstances.

**<u>नोट: (आवेदन शुल्क का भुगतान अप्रतिदेय है:</u>**
**<u>NOTE : (APPLICATION FEES PAYMENTS ARE NON-REFUNDABLE):</u>**

आवेदक द्वारा एक से अधिक बार किए गए भुगतान, यदि कोई हों, सहित सभी भुगतान सख्त रूप से अप्रतिदेय तथा अहस्तांतरणीय आधार पर हैं। आवेदक द्वारा किए गए किसी भी भुगतान को वापस नहीं किया जाएगा।
All payments made including multiple transactions if any, made by an applicant are on a strictly non-refundable and nontransferable basis. Applicant is not allowed to Charge back any payments made, if any.

**6. <u>चयन प्रक्रिया / SELECTION PROCESS:</u>**

चयन प्रक्रिया (i) लिखित परीक्षा तथा (ii) कौशल परीक्षा पर आधारित है / The Selection process consists of (i) Written Test and (ii) Skill Test

**(i) <u>लिखित परीक्षा / WRITTEN TEST:</u>**

a) लिखित परीक्षा भाग-क (वस्तुनिष्ठ प्रश्न); और भाग-ख (विवरणात्मक प्रश्न) को मिलाकर 100 अंकों के लिए होगी।
   The written test consists of Part-A (Objective type questions); and Part-B (Descriptive type questions) for 100 marks.
b) भाग-क (50 प्रश्न) में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों हेतु प्रत्येक के लिए एक अंक निर्धारित है।
   Objective type questions in Part-A (50 questions) carry one mark each.
c) भाग-ख में, विवरणात्मक प्रश्नों में (i)अनुवाद के लिए दो गद्यांश, प्रत्येक के लिए 20 अंक और (ii) दिए गए विचारों की व्याख्या (चार विचारों में से कोई दो), प्रत्येक के लिए 5 अंक, शामिल हैं।
   Descriptive type questions in Part-B consist of (i) two passages for translation carrying 20 marks each; and (ii) expansion of a given thought (any two out of four thoughts) carrying 5 marks each.
d) लिखित परीक्षा की अवधि दो घंटे (120 मिनट) की होगी।
   The written test shall be for a duration of two hours (120 minutes).
e) जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में न्यूनतम 60% अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा।
   Those who secure minimum 60% marks in the written test shall be declared as qualified in the written test.

**(ii) <u>कौशल परीक्षा / SKILL TEST:</u>**

a) कौशल परीक्षा में, (i) संक्षेपण हेतु दो गद्यांश, प्रत्येक के लिए 20 अंक और (ii) हिंदी से अंग्रेजी में और विपरीतत: अनुवाद हेतु दो गद्यांश, प्रत्येक के लिए 30 अंक, होंगे।
   The skill Test consists of (i) two passages for precis writing, carrying 20 marks each; and (ii) two passages for translation from Hindi to English and vice versa, carrying 30 marks each.
b) कौशल परीक्षा की अवधि दो घंटे (120 मिनट) की होगी।
   The Skill test shall be for a duration of two hours (120 minutes)

c) कौशल परीक्षा पूर्णत: उत्तीर्ण-अनुत्तीर्ण आधार पर होगी और कौशल परीक्षा में प्राप्तांक चयन हेतु विचारणीय नहीं होंगे।
Skill Test shall be purely on go-no-go basis and marks obtained in the skill test shall not be considered for selection.

d) जो अभ्यर्थी कौशल परीक्षा में न्यूनतम 60 % अंक प्राप्त करते हैं, उन्हें उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा।
Those who secure minimum 60 % marks in the skill test shall be declared as qualified.

e) जो अभ्यर्थी **लिखित परीक्षा पत्र** में 60% अंक प्राप्त करते हैं, केवल उन अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा के उत्तर पत्रों की जांच की जाएगी।
The answer scripts of skill test in respect of candidates who secure minimum 60 % marks in **WRITTEN TEST PAPER** only shall be evaluated.

**(iii) अंतिम चयन / FINAL SELECTION:**

उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का अंतिम चयन पूर्णत: लिखित परीक्षा में प्राप्तांक पर आधारित होगा। ऐसे अभ्यर्थी, जिन्होंने 60% अंकों के साथ, कौशल परीक्षा उत्तीर्ण की है, लिखित परीक्षा में प्राप्तांक क्रम के आधार पर उनकी पैनल सूची बनाई जाएगी।
The final selection will be done amongst qualified candidates, purely based on the scores obtained in the written test. From amongst candidates who qualify in the Skill test, with minimum 60% marks, empanelment shall be done in the order of marks obtained in the written test.

**7. लिखित परीक्षा और कौशल परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम / SYLLABUS FOR THE WRITTEN TEST AND SKILL TEST**

➢ **वस्तुनिष्ठ प्रश्न / OBJECTIVE TYPE QUESTIONS**

| | |
|---|---|
| (i) सामान्य हिंदी<br>General Hindi<br>(ii) सामान्य अंग्रेजी<br>General English | 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न, जिसमें प्रत्येक के लिए एक अंक निर्धारित है<br>50 Objective type questions carrying one mark each |

इन प्रश्नों के द्वारा अभ्यर्थियों की भाषा, शब्दों का सही प्रयोग, कहावतों एवं मुहावरों की समझ के ज्ञान की जांच की जाएगी और अभ्यर्थियों की भाषा के प्रति समुचित एवं प्रभावशाली लेखन क्षमता को भी जाना जाएगा।
The questions shall be to test the knowledge of the candidates in understanding the language, correct usage of words, Idioms and Phrases and also to know the candidate's ability to write the language properly and effectively.

उदाहरणत: प्रश्न निम्न प्रकृति के हो सकते हैं (i) शब्दों का हिंदी से अंग्रेजी तथा इसके विपरीतत: अनुवाद (ii) दो श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों में अंतर बताने के लिए इनसे वाक्य बनाना; (iii) हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों वाक्यों में व्याकरण का सही प्रयोग; (iv) पर्यायवाची शब्द तथा विलोम शब्द; इत्यादि।
Illustratively the questions could be in the nature of (i) Translation of words in Hindi to English and Vice-versa; (ii) making sentences to bring out the difference between two similar sounding words; (iii) correct usage of grammar in sentences both in Hindi and English; (iv) Synonymous and Antonymous; etc.

➢ **विवरणात्मक प्रश्न / DESCRIPTIVE TYPE QUESTIONS**

विवरणात्मक प्रश्नों में (i) अनुवाद के लिए दो गद्यांश, प्रत्येक के लिए 20 अंक; और (ii) दिए गए विचारों की व्याख्या (चार विचारों में से कोई दो), प्रत्येक के लिए 5 अंक, शामिल हैं।
Descriptive type questions consist of (i) two passages for translation from Hindi to English and vice-versa, carrying 20 marks each; and (ii) expansion of a given thought (any two out of four thoughts) carrying 5 marks each.

➢ **कौशल परीक्षा / SKILL TEST**

संक्षेपण हेतु दो गद्यांश,जिनमें एक हिंदी तथा एक अंग्रेजी का होगा, प्रत्येक के लिए 20 अंक, और हिंदी से अंग्रेजी और इसके विपरीतत: अनुवाद हेतु दो गद्यांश, प्रत्येक के लिए 30 अंक, होंगे।
Two passages, one each in Hindi and English, for precis writing carrying 20 marks each, and two passages for translation from Hindi to English and vice versa, carrying 30 marks each.

8. कोविड-19 परिस्थितियों के कारण, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा केंद्र हेतु वरीयता क्रम में, निम्न शहरों का चयन करें।
On account of the prevailing situation of COVID-19, applicants are advised to choose from among the following cities, in the order of preference, as centre of written examination:

| | |
|---|---|
| 01. नई दिल्ली / New Delhi | 02. बेंगलूरु / Bengaluru |

तथापि, एच.एस.एफ.सी. के पास लिखित परीक्षा हेतु शहर तय करने का अधिकार सुरक्षित है।
However, HSFC reserves the right to finalize the city for written examination.

**9. सामान्य शर्तें/GENERAL CONDIDTIONS:**

i. केवल ऑनलाइन भेजे गए आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। Applications made through on-line only will be entertained. Physical applications will not be entertained.

ii. पद अस्थायी है, परंतु इसके अनिश्चित काल तक जारी रहने की संभावना है।
The posts are temporary, but likely to continue indefinitely.

iii. उपरोक्त दर्शायी रिक्तियों की संख्या अनंतिम हैं और वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर इनमें परिवर्तन हो सकता है।
The number of vacancies indicated above is provisional and may vary depending on the actual requirements.

iv. नियुक्त अभ्यर्थियों को आवश्यकता पड़ने पर, भारत में स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केन्द्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है। इसरो के केंद्रों/यूनिटों के विवरण हेतु, कृपया www.isro.gov.in. देखें।
The appointees are liable to be posted in any of the Centres/Units of the Indian Space Research Organization/Department of Space situated anywhere in India, as and when required. For details of ISRO Centre/Units, please visit www.isro.gov.in.

v. इसरो के पास किसी अथवा सभी पदों/रिक्तियों की भर्ती करने या न करने का अधिकार सुरक्षित है।
ISRO reserves the right either not to fill up all or any of the posts/vacancies, if so desires.

vi. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं।
Only Indian Nationals need to apply.

vii. यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन में दी गई पात्रता/ शर्तों को पूरा नहीं करते हैं तो कभी भी अर्थात लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा के पूर्व अथवा लिखित परीक्षा / कौशल परीक्षा के दौरान अथवा लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा के पश्चात / चयन पैनल की घोषणा के बाद, किसी भी चरण में, विसंगति पाए जाने पर, जाँच के बाद, तत्काल ही उनकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।
If a candidate does not fulfill the eligibility / conditions given in the advertisement, his / her candidature will be cancelled summarily at any stage on scrutiny whenever the discrepancy is noticed i.e. before written test / skill test or during written test/ skill test or after written test/ skill test/after the announcement of select panel.

viii. लिखित परीक्षा में अर्हक अंक प्राप्त करने पर बाहर से आनेवाले चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में दिए गए पते से कौशल परीक्षा के स्थान तक निकटतम रास्ते के द्वारा आने-जाने हेतु शयनयान की द्वितीय श्रेणी का रेल किराया अथवा गैर-ए.सी. बस का किराया, अथवा वास्तविक किराया, जो भी कम हो, का, यात्रा का प्रमाण प्रस्तुत करने पर, जैसे कि रेल, बस, हवाई, इत्यादि जिसमें भी यात्रा की हो, के किराये का भुगतान किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी रेलगाड़ी, बस या हवाई जहाज से उच्च श्रेणी में यात्रा करता है

तो ऐसी स्थिति में उसे आरक्षण/ शयनयान प्रभार को छोड़कर न्यूनतम दूरी का द्वितीय श्रेणी के रेलगाड़ी के किराये का भुगतान किया जाएगा। **जिन अभ्यर्थियों को, दस्तावेज़ों के सफल सत्यापन के उपरांत कौशल परीक्षा की अनुमति दी जाती है, उन्हें योग्य यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।**

Outstation candidates short listed for skill test after qualifying in the written test will be paid to and fro Second Class Sleeper Railway fare by the shortest distance from the address given in the on-line application to the place of skill test or non-A/c Bus fare or actual fare whichever is less on production of proof of journey, irrespective of the mode of journey performed by the candidate viz., Rail, Bus, Air, etc. If a candidate travels in a higher class of accommodation, by train, by bus or by Air, only second class train fare by the shortest distance excluding reservation / sleeper charges will be paid, in case they are not availing the free concession offered by Indian Railways for the purpose. **The candidates who are allowed for Skill Test after the successful document verification will alone be paid eligible Travelling Allowance.**

ix. जो अभ्यर्थी पैरा 2 में उल्लिखित छूट का दावा करते हैं, उन्हें कौशल परीक्षा के समय निर्धारित प्रपत्र में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया सुसंगत प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
Candidates who claim concession/ relaxations as mentioned in para 2 above need to bring relevant certificates issued by the Competent Authority in the prescribed proforma for that at the time of Skill Test.

x. भूतपूर्व सैनिकों को कौशल परीक्षा के समय पूर्व सेवा की स्थिति को विधिवत रूप से दर्शाते हुए सेवा-निवृत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा प्राप्त अर्हता विज्ञापन में दी गई अर्हता से भिन्न हो तो, सक्षम अधिकारियों द्वारा आवश्यक समतुल्यता प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।
Ex-servicemen have to submit a copy of the Discharge Certificate duly indicating the Ex-service status at the time of Skill Test. Ex-Servicemen have to also submit necessary equivalency certificate issued by the Competent Authorities whenever the qualification acquired by them is different from the posts advertised and applied for by them.

xi. यदि अभ्यर्थियों के पास योग्यता और/या अनुभव आवेदन के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता से अधिक है, जिस पद के लिए उन्होंने आवेदन किया है, उन्हें लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जा सकता है, परंतु उच्च योग्यता और/या अनुभव उन्हें कहीं भी अन्य अभ्यर्थियों की अपेक्षा जो विज्ञापन के अनुसार उपयुक्त योग्यता रखते हैं, वरीयता प्रदान नहीं करेगा। चयन किए गए अभ्यर्थियों को केवल विज्ञापित श्रेणी/पद ही प्रदान किए जाएंगे।
If candidates with qualification and/or experience higher than those prescribed as minimum to apply, they may be called for written test/skill test for the post for which they have applied, but the higher qualification and/or experience shall not give the candidate any edge over other candidates adequately qualified as per the advertisement. The selected candidates shall be offered only the advertised grade/post.

xii. आवेदन केवल ऑनलाइन द्वारा ही स्वीकार किए जाएंगे और अभ्यर्थियों को सभी आगे के पत्राचार ई-मेल/इसरो की वेबसाइट के माध्यम से ही किए जाएंगे। इसलिए, अभ्यर्थियों को नियमित रूप से ई-मेल देखते रहने तथा समय-समय पर एच.एस.एफ.सी. की वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी जाती है। अभ्यर्थियों को ई-मेल या तकनीकी या किसी भी कारण से किसी पत्राचार के संबंध में सूचना न मिलने पर एच.एस.एफ.सी. उत्तरदायी नहीं होगा।
Applications will be received through on-line only and all further communications will be made to the applicants through their registered e-mail/ISRO website only. Therefore, the applicants are advised to check their registered e-mail regularly and visit the ISRO website from time to time. HSFC will not be responsible for non-receipt of intimation regarding e-mail or any communication due to technical or whatsoever reasons to the candidates.

xiii. मात्र संबंधित परीक्षाओं में उत्तीर्ण अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र हैं। अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे विद्यार्थी आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं।
The candidates who have passed out in the relevant examinations only are eligible to apply. Students awaiting for final result need not apply.

xiv. लिखित परीक्षा केंद्र या कौशल परीक्षा के केंद्र या पत्राचार हेतु या ई-मेल के परिवर्तन हेतु कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
Any request for change of written test centre or skill test Centre or e-mail id for communication will NOT be entertained.

xv. किसी भी अंतरिम पत्राचार पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। तथापि, किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी rmt-hsfc@isro.gov.in

को मेल भेज सकते हैं।
No interim correspondence will be entertained. However, in case of any clarification, candidates may send their mail to rmt-hsfc@isro.gov.in.

xvi. **एच.एस.एफ.सी./इसरो में रोजगार पाने हेतु किसी भी प्रकार का प्रचार कार्य आवेदक की उम्मीदवारी की अपात्रता का कारण बनेगा**
CANVASSING IN ANY FORM FOR SECURING EMPLOYMENT IN HSFC/ISRO WILL RESULT IN DISQUALIFICATION OF THE CANDIDATURE OF THE APPLICANT.

xvii. दि: 20.11.2021 (ऑनलाइन आवेदनों को प्राप्त करने हेतु अंतिम दिनांक) आयु, अर्हता के अर्जन आदि सभी उद्देश्यों की गणना के लिए कट-ऑफ दिनांक होगा।
20.11.2021 (LAST DATE FOR RECEIPT OF ON-LINE APPLICATIONS) will be the cut-off date for all purposes like computation of age, acquiring of qualification, etc.

xviii. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे इस विज्ञापन तथा आवेदन में दिए गए हर प्रकार की पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं एवं उसमें दी गई आवश्यकताओं तथा निर्देशों का अनुपालन करते हैं। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरें और इस संबंध में दिए गए निर्देशों के अनुसार उसे प्रस्तुत करें।
It is for the candidate to ensure that he/she fulfills the eligibility criteria and comply with the requirements and adheres to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form in all respects. Candidates are therefore, urged to carefully read the advertisement and fill in the on-line application form and submit the same as per the instructions given in this regard.

xix. हिंदी वर्शन की व्याख्या करते समय यदि किसी भी प्रकार की अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होता है, तो ऐसे में अंग्रेजी वर्शन में लिखी गई विषय वस्तु को अंतिम माना जाएगा।
In case of any ambiguity/dispute arises on account of interpretation of Hindi version, contents enumerated in English version shall finally prevail.

xx. अपूर्ण सूचना एवं आवेदक के फोटो के बिना प्रस्तुत किए गए आवेदनों को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
Applications submitted without complete information, photo of the applicant, etc. will summarily be rejected.

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए**

**कृपया हमारी वेबसाइट www.isro.gov.in देखें।**

**PLEASE VISIT OUR WEBSITE AT www.isro.gov.in**
**FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION**

**ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि / LAST DATE FOR RECEIPT OF ON-LINE APPLICATIONS IS 20.11.2021**

**इसरो में शामिल होकर अपना कैरियर बनाएं**
**प्रतिभावान वैज्ञानिक एवं तकनीकी समुदाय के साथ अपना ज्ञान बांटें और**
**राष्ट्र के विकास में सहायक बनें**
**JOIN ISRO AND SHAPE-UP YOUR CAREER**
**SHARE YOUR KNOWLEDGE WITH TALENTED SCIENTIFIC AND TECHNICAL COMMUNITY AND**
**SUPPORT NATIONAL DEVELOPMENT**